>

Title: Need to send a central team to assess the loss and provide adequate central relief to compensate the damage caused by land slides in Hills of Uttarakhand.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : बाकी सब शाम को होंगे। यह तो लीडर्स मीटिंग में तय हो गया था। 5 मैटर्स लिये जाने थे। हमने 22 को मौका दिया। बाकी शाम को होंगे। अब उनको बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपकी पार्टी के मैम्बर बोल रहे हैं। आप क्यों डिस्टर्ब कर रही हैं? उनको बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' : अध्यक्ष महोदय, अभी जो शांडिल जी ने हिमाचल प्रदेश का मामला उठाया था, बिल्कुल वही मामला उत्तरांचल प्रदेश का है। लगभग 1000 मकान क्लाउड बर्स्ट में पूरे अल्मोड़ा, पिथौरागढ़. बागेश्वर, चम्पावत, चमोली और पौड़ी-टिहरी में ध्वस्त हो गए हैं, इसमें जान का भी नुकसान हुआ है और जानवर, गौशालय आदि भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके लिये वहां एक अध्ययन दल शीघ्र भेजा जाये जो इस बात का आक्कलन करे कि कितनी क्षति हुई है। मेरे अनुमान से वहां 1000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसलिये हायर हिमालयन रेंज की ओर विशेष ध्यान दिया जाये।

MR. SPEAKER: This is an important issue. I am sure the Government will take note of this

12.55 hrs.